# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान आज कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी तब राज्य की अर्थव्यवस्था बारह लाख करोड़ रूपये थी जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक साढ़े सत्ताइस लाख करोड़ रूपये हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष दो हजार उन्तीस तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

***आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उनके वीजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलीयन डॉलर की इकोनोमिक बनने की दिशा में एक बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। हमने दो हजार बाईस से इसके लिए व्यवस्थित कार्ययोजना को आगे बढ़ाया है।***

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महाकुंभ के आयोजन का भी उल्लेख किया।

***उत्तर प्रदेश के इस पॉटिशियल को आज जिसको देश और दुनिया देख रही है। महाकुंभ के इस आयोजन के साथ हम जोड़ के देख सकते है। अगले महाकुंभ का एक आयोजन उत्तर प्रदेश के इकोनोमिक में तीन लाख करोड़ रूपये से अधिक की ग्रोथ करने वाला है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर एक सेक्टर में बदलाव हुआ है और इसके परिणामस्वरूप विगत आठ वर्ष में राज्य में छः करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता मिली है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में प्रतिदिन करीब एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पवित्र संगम पर स्नान का सिलसिला जारी है। आज भी शाम चार बजे तक एक करोड़ एक लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान कर चुके थे। इसी कड़ी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री आरसी पाटिल ने परिवार के साथ संगम में स्नान कर पूजा अर्चना की।

छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ ही महाकुंभ का समापन हो जाएगा। इस महत्वपूर्ण स्नान पर संभावित भारी भीड़ की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को देखने के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार आज प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने मेला क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लिया और मेला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की।

इस बीच, प्रदेश के सभी जेलों में आज से कैदियों को संगम के पवित्र जल से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने आज आदर्श कारागार लखनऊ से इसकी शुरूआत की। इसी क्रम में प्रयागराज के केंद्रीय कारागार नैनी और जिला कारागार में दो हजार चार सौ से अधिक, अयोध्या के मंडलीय कारागार में सात सौ सत्तर और जौनपुर जिला कारागार में नौ सौ नौ कैदियों समेत प्रदेश के कई जेलों में बड़ी संख्या में कैदियों ने पवित्र स्नान किया।

**********

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा एक दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संस्थान को एम्स का दर्जा मिलने पर इसकी तैयारी तथा किये गये कार्यो की समीक्षा की। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन करने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री नमो घाट पर काशी–तमिल संगमम् में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

**********

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज वाराणसी स्थित बनारस रेल इंजन कारखाना में निर्मित विद्युत रेल इंजन–डब्ल्यू ए पी सात को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। इस विद्युत रेल इंजन की क्षमता छः हजार हॉर्स पावर और गति एक सौ चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसे सभी प्रकार की यात्री, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों को खींचने के लिये डिजाइन किया गया है। वाराणसी दौरे पर आयीं वित्त मंत्री ने आज नवनिर्मित पर्यवेक्षक विश्राम गृह और अमृत कानन सामुदायिक पार्क का भी उद्घाटन किया।

**********

वाराणसी जिले के मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में वाराणसी–प्रयागराज हाईवे पर एक खड़े ट्रक से आज सुबह तीर्थयात्रियों की कार टकरा गई, जिसमें महाकुंभ से लौट रहे पति–पत्नी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस दुखद घटना में घायल कार सवार अन्य लोगों का इलाज कराया जा रहा है। मृतक श्रद्धालु कर्नाटक राज्य के रहने वाले थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह सत्ताईस फरवरी तक मौसम शुष्क रहने और देर रात एवं सुबह के समय कहीं कहीं हल्का कोहरा पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सत्ताईस फरवरी को कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले अड़तालिस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान दो से पांच डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है। वहीं अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

**********

राज्य सरकार प्रदेश के सभी सत्तावन हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में एक–एक सूर्य सखी की तैनाती करेगी। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाखों महिलाओं द्वारा स्थापित उद्यमों को अब वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादों से जोड़ा जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि पहले चरण में दस हजार उद्यमों को सोलर आधारित तकनीकों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

**********